सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल
९वीं एवेन्यू, आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२
सत्र – २०२५-२०२६
कक्षा २
विषय- हिंदी

# संज्ञा

**परिभाषा** - किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण:

व्यक्ति- राम, सीता

स्थान- दिल्ली, भारत

वस्तु- किताब, कलम

भाव- प्रेम, खुशी

प्राणी - हाथी, शेर

**संज्ञा शब्द छाँटो-**

1. शेर जंगल में रहता है।
2. बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं।
3. मोहन का घर सुंदर है।
4. मुझे आम बहुत पसंद है।

उचित संज्ञा शब्द भरो -

1. ________________ बहुत सुंदर पक्षी है। (मोर , फल )

2. मेज पर __________________ रखी है। (जंगल , बोतल )

3. आसमान में __________________ उड़ रही है। (सड़क, पतंग )

4. मोहन के पास ________________ है। (छतरी , दिल्ली )